**A** **509**

# समग्र शिक्षा केरल

## योगात्मक आकलन II 2025-26

## हिंदी

कक्षा 5 समय 2:15 घंटे

**सामान्य निर्देश:**

- ❖ पहले पंद्रह मिनट का कूल ऑफ टाइम प्रश्न पत्र वाचन के लिए है।
- ❖ कुल 6 प्रश्न हैं। सभी के उत्तर लिखना अनिवार्य हैं।
- ❖ प्रश्न 4 और 6 में विकल्प हैं।

**(1) सूचना : चित्र के स्थान पर शब्द जोड़ें और लिखें।**

एक  थी खुशी। उसके  के पास एक तालाब था। वहाँ खुशी बॉल के साथ खेल रही थी। बॉल तालाब में गिरी। तालाब में  और  थे। उनके साथ एक  भी था। बॉल बगुले की चोंच में फँस गई। सब जीव चिल्लाकर भागे।

| | | | |
|---|---|---|---|
| | में | घ | र |
| ब | ल | ढ़ | के |
| गु | ड़ | | क |
| ला | की | | ड़ा |

(2) सूचना : 'हवा और धूल' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

हवा धूल को छेड़ के भागी
सोती धूल अचानक जागी
उड़ी हवा के पीछे-पीछे
हवा हो गई धूल के नीचे
धूल खोजती आँखें मींचे
दाएँ-बाएँ आगे-पीछे

क) हवा के पीछे-पीछे कौन उड़ी ?

अ) धूल आ) धूप
इ) बूँद ई) नदी

ख) ये आशय वाली पंक्तियाँ चुनकर लिखें।

अ) हवा सोती धूल को छेड़ कर भागी और धूल जाग उठी।

आ) धूल आँखें बंद कर आगे-पीछे और दाएँ-बाएँ खोजती रही।

**(3) सूचना : 'पेड़ का जादू' कहानी का यह अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

तुम अपने घर में पेड़ उगा लो तो गिलहरी आ जाएगी। चिड़िया आएगी। बाहर धूप होगी तो पेड़ के नीचे छाया आ जाएगी।

क) सही प्रस्ताव कौन-सा है ?

अ) पेड़ के होने से धूप आएगी।
आ) पेड़ के होने से छाया आएगी।
इ) पेड़ के होने से चिड़िया नहीं आएगी।
ई) पेड़ के होने से गिलहरी नहीं आएगी।

ख) 'पेड़ लगाएँ, हरियाली फैलाएँ'- संदेश देते हुए **पोस्टर** तैयार करें।

**(4 A) सूचना : शब्दों की सहायता से पाँच वाक्य लिखें।**

| | |
|---|---|
| तालाब | कछुआ |
| पानी | पत्ते |
| पेड़ | मेंढ़क |
| बगीचे | फूल |
| | मछली |
| | पानी |

जैसे- तालाब में पानी है।

**अथवा**

**(4 B) सूचना : चित्र देखें और नमूने के अनुसार पाँच वाक्य लिखें।**



- आकाश
- बादल
- चिड़िया
- पेड़
- लड़का
- तालाब
- गिलहरी
- गाय
- मछली
- घर

जैसे- आकाश में बादल है।

**(5) सूचना : 'पिल्ला' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

नीतू का था पिल्ला एक
बदन पे उसके रुएँ अनेक
छोटी टाँगें लंबी पूँछ
भूरी दाढ़ी काली मूँछ
मक्खी से वह लड़ता था
खड़े-खड़े गिर पड़ता था।

क) वाक्य पढ़ें और सही विकल्प चुनकर लिखें।

1. टोमी की टाँगें छोटी हैं।
2. टोमी एक पिल्ला है।
3. टोमी की पूँछ लंबी है।

विकल्प-

अ) केवल 1 सही है।　　आ) केवल 2 सही है।
इ) केवल 3 सही है।　　ई) तीनों सही हैं।

ख) सही मिलान करें।

| | |
|---|---|
| छोटी | पूँछ |
| लंबी | टाँगें |
| भूरी | बदन |
| काली | मूँछ |
| | दाढ़ी |





**(6 A) सूचना : खंड पढ़ें और नमूने के अनुसार लिखें।**

तालाब के पास 1 पेड़ है। तालब में 7 मछलियाँ हैं। पेड़ पर 8 संतरे हैं। संतरे खाने 2 चिड़ियाँ आती हैं। पेड़ के नीचे 10 पौधे हैं। पौधों पर 5 तितलियाँ बैठी हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | - | एक पेड़ |
| 7 | - | .................... |
| 8 | - | .................... |
| 2 | - | .................... |
| 10 | - | .................... |
| 5 | - | .................... |

**अथवा**

**(6 B) सूचना : चित्र देखें और नमूने के अनुसार लिखें।**

| | | |
|---|---|---|
| |  | एक हाथी। |
| अ) |  | ............. केकड़े। |
| आ) |  | ................ बॉल। |
| इ) |  | ................ पेड़। |
| ई) |  | .............. कछुए। |
| उ) |  | ........ तितलियाँ। |